विरासत संरक्षण की बैठक में लिए कई निर्णय

हवेलियों को भी संरक्षित किया जाएगा ताकि पर्यटकों की संख्या बढ़े

नगर संवाददाता . उदयपुर। बीकानेर और जैसलमेर की तरह ही उदयपुर में स्थित हवेलियों का भी संरक्षण किया जाएगा ताकी उदयपुर आने वाला पर्यटक इन हवेलियों को भी निहार सकें

नगर निगम विरासत संरक्षण समिति की बैठक मंगलवार को समिति अध्यक्ष मदन दवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस दौरान उप महापौर पारस सिंघवी भी उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष मदन दवे ने बताया कि शहर में उपस्थित विरासतो के संरक्षण को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि हमें उदयपुर की विरासत को संजो कर रखना है। स्मार्ट सिटी द्वारा कई विरासतो को संरक्षित किया जा चुका है अब जो बची हुई है उन्हें हम कैसे सुरक्षित कर सकते हैं उन पर विचार विमर्श

किया गया। राजस्थान में बीकानेर, जैसलमेर सहित कई ऐसे शहर हैं जहां पर पर्यटक केवल हवेलियां देखने जाते हैं। उन पर्यटकों को उदयपुर की हवेलिया भी दिखाई जा सकती है। जल्द ही महापौर गोविंद सिंह टांक, आयुक्त राम प्रकाश से साथ मिलकर इस बारे में आगे की कार्यवाही करेंगे। बैठक में समिति सदस्य महेश त्रिवेदी, रूचिका चौधरी, हिरा देवी मीणा, पूनम चंद मोर, चंद्र प्रकाश सुहालका, निगम अधिकारी रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

दरवाजों पर लगेगी महाराणाओं की प्रतिमाएं

समिति अध्यक्ष मदन दवे द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शहर की विभिन्न दरवाजो पर उदयपुर की स्थापना से लेकर अभी तक हुए महाराणाओ की प्रतिमाएं स्थापित करवाई जाएगी एवं उनके इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे शहर में आने वाले पर्यटक यहां के महाराणाओं के बारे में जान सकें।

सूरजपोल गेट पर लगेंगे फव्वारे

बैठक में निर्णय किया गया कि सूरजपोल गेट के पास स्थित पार्क में आकर्षक फव्वारे लगाए जाएंगे, जिससे उस स्थान को और निखारा जा सकेगा। इस पर उद्यान समिति अध्यक्ष महेश त्रिवेदी ने उद्यान समिति के माध्यम से इस कार्य को करने का आश्वासन दिया।

झील के अंदर घुमटियां और सभी दरवाजों का होगा रंगरोगन

बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के सभी दरवाजों की मरम्मत कर उनका रंग-रोगन किया जाएगा, जिससे दरवाजों की आयु बढ़ाई जा सके। साथ ही पिछोला झील में स्थित जो भी घुमटियां है, उन्हे भी रंगीन बनाया जायेगा और उसमे विद्युत लाइट लगवाई जाएगी।

शिवांगी तिवारी का एन.एस.डी. में सलेक्शन

उदयपुर (वि.)। भारतीय लोक कला मण्डल उदयपुर में पिछले तीन

साल में दी परफोरमर्स कल्चरल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये गये नाटकों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों के दिल जीतने वाली शिवांगी तिवारी का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में तीन वर्षीय नाट्य प्रशिक्षण हेतु चयन हुआ। मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा सन् 2024 से 2027 के तीन वर्षीय नाट्य कोर्स के लिए सोसायटी के सहयोग से मण्डल में प्रस्तुत नाटकों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाली उदयपुर की शिवांगी तिवारी का फाईनल कार्यशाला में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा पूरे भारत से 26 नाट्यकर्मियों का चयन किया जाता रहा है, परन्तु इस वर्ष भारत सरकार की अनुशंसा से नाट्य विद्यालय द्वारा 32 रंगकर्मियों का चयन किया गया है। जिसमें शिवांगी तिवारी ने पूरे भारत में सातवाँ स्थान प्राप्त किया है।

जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा के लिए बोहरा गणेशजी को निमंत्रण

सर्व संप्रदाय संत संस्थान के संतों ने पीले चावल रखकर किया आमंत्रित

उदयपुर (वि.)। श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति द्वारा 7 जुलाई को निकालने वाली रथ यात्रा की सफलता के लिए अनिल मोदी सेवा ट्रस्ट, सर्व संप्रदाय संत संस्थान एवं रथ यात्रा समिति द्वारा बोहरा गणेश जी को पीले चावल से न्योता दिया गया एवं रथ यात्रा की सफलता की कामना की। समिति के प्रवक्ता राजेंद्र सेन ने बताया कि 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की निकलने वाली रथ यात्रा में विभिन्न समाजों, संगठनों, संतों महंतों से संपर्क कर उन्हें शोभायात्रा में आमंत्रित किया जा रहा है। उसी कड़ी में समिति के संयोजक दिनेश मकवाना के नेतृत्व में संत अनिल मोदी ट्रस्ट तथा सर्व संप्रदाय संत संस्थान के अध्यक्ष महंत इंद्र देवदास सहित कई संतों से संपर्क कर रथ यात्रा में आने का निमंत्रण दिया। इस पर संतों द्वारा 1 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे बोहरा

गणेशजी मंदिर में आकर पीले चावल रखकर रथ यात्रा की सफलता की कामना की। इस अवसर पर संतों द्वारा 7 जुलाई की रथ यात्रा में आम जन को आमंत्रित करने के उद्देश्य से पोस्टर का विमोचन भी किया गया। पोस्टर विमोचन एवं पीले चावल से गजानंद जी महाराज को रथ यात्रा में पधारने का न्योता दिया गया, बोहरा गणेश जी मंदिर के इस आयोजन में संतों की ओर से संत अनिल मोदी, साध्वी रेखा मोदी, महंत राधिका शरण शास्त्री, महंत इंद्र देव दास महंत नारायण दास, संत श्याम बाबा ,समाजसेवी प्रमोद कुमार वर्मा, संतोष एवं मंजू गग्गड़, रथ यात्रा समिति के संयोजक दिनेश मकवाना, रथ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीमाली, डॉक्टर प्रदीप कुमावत,रमेश लालवानी, भूपेंद्र सिंह भाटी ,राजमल चौधरी, राजेंद्र सेन सहित कई सदस्य उपस्थित थे । संतों की ओर से ऊंट गाड़ी में चलते हुए ओम नमो भगवते वासुदेवाय के मंत्र से हवन कुंड में आहुतियां दी जाएगी। सभी उपस्थित संतों ने यह संकल्प लिया कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा मे शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे।

शहर विधायक से मिले एमपीयूएटी पेंशनर

उदयपुर। पेंशनर सोसाइटी एमपीयूएटी उदयपुर का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन से मिला और उनको ज्ञापन प्रस्तुत देकर कृषि विश्वविद्यालयों की पेंशन समस्या का स्थाई समाधान करवाने की मांग की। एमपीयूएटी के पूर्व कुलपति डॉक्टर उमाशंकर शर्मा ने विधायक जैन बताया कि गुजरात सरकार के वार्षिक बजट में वहां के चारों सरकारी कृषि विश्वविद्यालय के पेंशनरों की पेंशन भुगतान के लिए अलग से बजट चिन्हित है ठीक वैसा ही राजस्थान के बजट में भी किया जाए। पेंशनर सोसाइटी अध्यक्ष डॉ भटनागर ने कहा कि राजस्थान में 6.50 लाख पेंशनरों को राज्य सरकार पेंशन भुगतान कर रही है और कृषि विश्वविद्यालय भी सरकारी है तथा इनमे मात्र 3200 पेंशनर ही हैं, जिनका भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि 1990 से निरंतर राज्य सरकार द्वारा सरकारी कृषि विश्वविद्यालयों के पेंशन के लिए आवश्यक राशि दी जाती रही है, मगर कांग्रेस के शासन काल से राज्य सरकार द्वारा राशि को देने में रोड़े अटकाए जाने लगे हैं। विधायक ताराचंद जैन ने इस मामले को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विशेषाधिकारी डॉ सुभाष भार्गव, संगठन मंत्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा प्रमुख थे।

आईआईआरएफ रैंकिंग : विद्यापीठ राजस्थान में दूसरे, देश में 37वें पायदान पर

उदयपुर (वि)। इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क - आईआईआरएफ द्वारा 2024 की डीम्ड विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) ने राजस्थान में दूसरे व देश में 37वां स्थान प्राप्त कर उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया है। आईआईआरएफ की ओर से जारी वर्ष 2024 की रैंकिंग में विभिन्न श्रेणियों यथा केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड में 1161 विश्वविद्यालयों को रैंक दिए गए। कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इस वर्ष की दूसरी उल्लेखनीय रैंक उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने, नवीन शोध को बढ़ावा देने और अपने विद्यार्थियों के बीच समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए विद्यापीठ के समर्पण को उजागर करती है। यह रैंकिंग हमारे संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह अकादमिक और शोध उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रैंकिंग विद्यापीठ के समाज के प्रति दायित्व को भी बढ़ा रही है और यह सम्मानित रैंक प्राप्त कर विद्यापीठ और अधिक ऊंचाइयों के लिए प्रयास करना जारी रखेगा और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देगा। रैंकिंग कार्यों के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि उक्त रैंकिंग में 7 पैरामीटर्स को आधार बनाकर देश की टॉप यूनिवर्सिटी की लिस्ट तैयार की है, जो भारतीय सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक पैमाने पर केंद्रित है। इसमें टीचिंग लर्निंग रिसोर्सेस एंड पेडागोजी, रिसर्च, इंडस्ट्री इनकम व इंटीग्रेशन, प्लेसमेंट परफॉरमेंस, प्लेसमेंट स्ट्रैटेजी एंड सपोर्ट, फ्यूचर ओरिएंटेशन, एक्सटर्नल परसेप्शन व इंटरनेशनल आउटलुक शामिल हैं। पिछली बार की रैंकिंग में विद्यापीठ ने देश में 48वां स्थान प्राप्त किया था और इस बार 37वें स्थान पर आना विश्वविद्यालय की बढ़ती हुई गुणवत्ता का द्योतक है।

भक्ति रस से सरोबार होगी इस्कॉन की रथयात्रा

उदयपुर (वि.)। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कोन की ओर से उदयपुर में सात जुलाई को निकलने वाली श्री जगन्नाथ रथयात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है। मन्दिर की स्थापना से पहली बार निकलने वाली इस भव्य रथयात्रा के बारे में जानकारी देते हुए इस्कोन के मुख्य प्रबंधक मायापुर वासी ने बताया कि इस बार श्री जगन्नाथ रथयात्रा न सिर्फ भक्तों को भगवान साक्षात दर्शन देंगे वरन् इस बार की यात्रा कर्म प्रधान न होकर भक्ति रस से सरोबार होगी। सभी भक्त तथा इस्कोन समूह के कंठीधारी सन्यासी मृदंग के साथ कीर्तन करते हुए चलेंगे। वहीं भक्तगण चंदन जल छिंटकते हुए भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सूर्य की किरण के साथ उदयपुर के पूर्वांचल क्षेत्र में निकलने वाल इस यात्रा का शुभारम्भ मार्जन के साथ शुरू होगा। जगह-जगह इस्कॉन महाराष्ट्र भक्तों द्वारा रंगोली सजाई जायेगी और भगवान के स्वागत के लिये उदयपुर सभी प्रमुख मार्गों पर रंगोलीयां आकर्षण का केन्द्र बनेगी।

भव्य होगी महाआरती : अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति, आलोक संस्थान, बजरंग सेना, आलोक इन्टरेक्ट क्लब, भारत विकास परिषद् मेवाड़, बजरंग बलि प्रचार समिति के साथ सर्व समाज, संगठन के साथ बोहरा गणेशजी चौराहे पर महाआरती का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि आज बोहरा गणेशजी क्षेत्र में सम्पर्क किया गया। पूरे क्षेत्र में महाआरती को लेकर उत्साह है। बोहरा गणेशजी क्षेत्र में पहली बार 5100 दीपों की भव्य आरती की जायेगी। महा आरती को सफल बनाने के लिए पार्षद मनोहर चौधरी, पूर्व पार्षद जगत नागदा, रमेश चौधरी, कृष्ण कांत कुमावत, अरुण चौधरी, मंदीर प्रमुख पीयूष जोशी सहित मंदिर अधिकारी, जगदीश अरोड़ा, और व्यापक स्तर पर तैयारी कर रहे है। वहीं कमलेन्द्र सिंह पवार, शिव सिंह सोलंकी, भूपेन्द्र सिंह भाटी सघन जन संपर्क में लग कर लोगो को जोड़ रहे हैं

बाल चिकित्सालय में हुआ स्टॉप डायरिया प्रोग्राम

बच्चों को पिलाया ओआरएस घोल

उदयपुर। बाल चिकित्सालय में सोमवार को स्टॉप डायरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डायरिया के कारण भर्ती रोगियों को ओआरएस घोल पिलाया गया। जिंक की टेबलेट दी गई। इस मौके पर पूर्व प्रिंसिपल डॉ लाखन पोसवाल, एमबी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन सहित संकाय सदस्य डॉक्टर, रेजिडेंट डॉक्टर व नर्सिंगकर्मी उपस्थित थे। डॉ सुमन ने बताया कि राज्य में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना है। देश में 5 वर्ष तक के 5.8 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु डायरिया के कारण होती है। राजस्थान में करीब 4 हजार बच्चों की मृत्यु डायरिया से होती है। बारिश के कारण जलजनित रोग बढ़ जाते हैं। इसी को देखते हुए डायरिया से बचाव की जागरूकता फैलाने के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम किया गया। बाल चिकित्सालय के सभी वार्ड, इमरजेंसी में ओआरएस घोल, दवाइयां और जिंक की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

विवाहिता घर से बिना बताए लापता

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक

विवाहिता बिना बताएं घर से लापता हो गई। पुलिस के अनुसार तुलसा बाई पत्नी ओमप्रकाश सालवी निवासी बोहरा गणेश जी चौराहा जो 9 जून को अपने घर से बिना बताएं चली गई। परिजनों ने उसकी परिचितों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की पर उसका पता नहीं चला। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

महिला ने की आत्महत्या

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में विवाहिता ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार नवलीबाई (50) पत्नी भूरा उर्फ भूरिया निवासी चोखला बारा ओगणा ने अपने मकान में फांसी लगा ली। परिजनों ने इसे लटकर देखकर पुलिस को बताया, जिस पर हैडकांस्टेबल रमेश ने मौके पर पहुंच कर महिला को फंदे से नीचे उतार पीहर पीपलबारा सूचना दी। सोमवार को पीहर पक्ष से परिजनों के आने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

रायपुर में 750 दिव्यांगों को एनएसएस ने दिए कृत्रिम अंग

उदयपुर (वि.)। नारायण सेवा संस्थान द्वारा रायपुर में आयोजित शिविर में 750 से अधिक दिव्यांगजन को अपर-लोवर कृत्रिम अंग व कैलिपर प्रदान किए गए। शिविर का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। विशिष्ट अतिथि राज्य के युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुंरदर मिश्रा व अनुज शर्मा थे। मुख्यमंत्री ने संस्थान संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने की मुहिम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य में दिव्यांगजन की सेवा के लिए संस्थान केंद्र संचालित करेगा तो उसकी हर संभव सहायता

मुख्यमंत्री ने किया शिविर का उद्घाटन

की जाएगी। शिविर में मुख्यमंत्री करीब एक घंटा रहे और छत्तीसगढ़ तथा निकटवर्ती मध्य प्रदेश के दूरदराज इलाकों से आए दिव्यांगजन से भेंट की और उन्हें नियमानुसार राज्य की ओर से सहायता का आश्वासन भी दिया। प्रारंभ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री व विशिष्ट अतिथियों का पगड़ी, शॉल, उपरणा और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। संस्थान निदेशक देवेंद्र चौबीसा व जनसम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने शिविर में उपस्थित मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा व समाजसेविका संजना देवी को सम्मानित किया। अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि 17 मार्च को रायपुर में जिन 756 दिव्यांगजन के कटे हाथ-पांव के माप लिए गए थे, उन सभी के इस शिविर में विशेषज्ञ तकनीशियनों द्वारा कृत्रिम अंग लगाए गए हैं। शिविर के दौरान दिव्यांगजन के बैडमिंटन व फुटबॉल के संक्षिप्त प्रदर्शन मैच भी हुए। शिविर में 315 ओवर लिंब, 120 अपर लिंब, 80 मल्टीपल और 280 कैलीपर लगाए गए।

एक माह में 65 बालश्रमिकों को मुक्त करवाया, 26 मुकदमे दर्ज करवाए

नगर संवाददाता . उदयपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोगए भारत सरकार एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित उमंग 3 अभियान के तहत 1 जून से 30 जून के मध्य पूरे राष्ट्र में विभिन्न कार्यवाही हुई एवं बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया। उदयपुर जिले में कुल 65 बालश्रमिकों को मुक्त करवाने के साथ 26 प्रकरण दर्ज करवाए गए।

अभियान संयोजक डॉ शैलेंद्र पंड्या ने बताया जिला बाल संरक्षण इकाई उदयपुर, मानव सरकारी विरोधी यूनिट, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, एक्सेस टू जस्टिस टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं गायत्री सेवा संस्थान की टीम ने बालश्रमिकों के रेस्क्यू तक की सफल कार्यवाही की। पूरे माह में 65 बच्चों को रेस्क्यू करवाने के साथ-साथ बाल श्रम करवाने वालों के खिलाफ विभिन्न थानों में 26 प्रकरण भी दर्ज करवाए। जिन स्थानों पर बालश्रमिक नहीं मिले ऐसे नियोक्ताओं को सम्मानित भी किया। बाल कल्याण समिति उदयपुर की कार्यकारी अध्यक्ष यशोदा पणीया ने जानकारी देते हुए बताया की रेस्क्यू कर बच्चों को बाल कल्याण समिति के माध्यम से बाल गृह में शेल्टर करवाया गया है। अभियान के दौरान रेस्क्यू के साथ बालश्रमिकों के लेकर गुजरात राज्य ले जाए जा रहे 14 बच्चे जिनमे 5 बालिकाएं थी उन्हें भी फलासिया थाना पुलिस कही सहायता से रेस्क्यू किया गया।

डॉक्टर्स डे पर पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा में पौधरोपण

उदयपुर (वि.)। पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा में सोमवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर पौध्रोपण किया गया जिसमें 250 से अधिक पौधे लगाये गये। इस अवसर पर चैयरमेन आशीष अग्रवाल, शीतल अग्रवाल ने बताया कि वृक्ष लगाने की आज के समय में महत्ती आवश्यकता है। वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। जलवायु में सुधार करते हैं। जल संरक्षण एवं मिट्टी को संरक्षित करके आमजन और

वन्यजीव के लिए उपयोगी साबित होते हैं। इसके अलावा वृक्ष भूजल को भरते हैं और हानिकारक प्रदूषकों और गंधों से हवा को फ़िल्टर करते हैं। एक पेड़ अनेक जीव-जन्तुओं का आश्रय स्थल बनता है। श्री अग्रवाल ने आमजन से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रेसिडेंट डॉ. बी. एल. कुमार, प्रिंसीपल डॉ. सुरेशचन्द्र गोयल, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमलेश शेखावत, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपस्थित थीं।

युवती पर दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने, छेड़खानी तथा अपहरण करने में 2 गिरफ्तार

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर की सुखेर थाना पुलिस ने एक युवती पर अन्य युवक के साथ रहने का दबाव बनाने और उसके साथ छेड़छाड़ करने और अपहरण करने में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि 30 जून को एक युवती ने अपनी सहेली के साथ थाने पर आकर मामला दर्ज करवाया कि वह 2 वर्ष पहले किसी कम्प्यूटर सेन्टर पर कोर्स करने गई थी। वहां के संचालक ने बहला फुसला कर उससे शादी कर ली तथा उसे अपने एक अपने मित्र ईमरान नाम के व्यक्ति के साथ रहने के लिये कहने लगा। जब उसने ईमरान के साथ रहने से मना किया तो उसके साथ झगडा और मारपीट करता। तभी से ईमरान नाम का व्यक्ति उसे धमकाकर ब्लैकमेल करता है और साथ रहने के लिये जिद करता था। करीब 1 वर्ष पहले

वह अपनी सहेली के साथ रहने लगी। वहां पर भी ईमरान उसे डराता-धमकाता तथा ब्लैकमेल करता था। 29 जून को ईमरान उसके किराए के मकान पर आया तथा जबरदस्ती उसे अजमेर लेकर चलने की जिद करने लगा। उसे डराकर बाईक पर बैठाकर अजमेर ले जाने और वहीं पर रखने के लिये कहने लगा। उसे जबरन अपनी बाईक पर बैठाकर उसका सामान भी साथ ले लिया और भुवाणा चौराहे के पास ले आया। वहां पर वह उससे बचकर निकल गई तथा अपनी सहेली को कॉल कर बुलाया। इसके बाद थाने पर जाकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर थानाधिकारी के नेतृत्व में एसआई ओंकार सिंह, हैड कांस्टेबल सुनील बिश्नोई, खुमान सिंह, जगदीश मेनारिया की टीम ने जांच करते हुए इस प्रकरण में ईमरान खान पुत्र मोहम्मद ईस्माईल निवासी नीमच माता स्कीम देवाली और अशोक कुमावत पुत्र विष्णुलाल कुमावत निवासी नीमच माता स्कीम देवाली अम्बामाता को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

शराब की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट के आरोपी की जमानत नामंजूर

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के झाडोल थाना क्षेत्र में शराब सेल्समैन के साथ मारपीट व तोड़फोड़ करन लूटपाट करने वाले आरोपी की जमानत को न्यायालय ने नामंजूर कर दिया।

पुलिस के अनुसार पर्वतसिंह ने गत 25 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शराब की दुकान पर सेल्समैन है। एमआरपी से कम रेट पर शराब नहीं देने पर गोराणा निवासी युगल किशोरी पुत्र जमनालाल पूर्बिया ने दुकान में घुसकर शराब की बोतलें फोड़ दी और मारपीट कर गल्ले में रखे चार-पांच हजार रुपये लूटकर ले गया। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और आरोपी की ओर से जमानत का प्रार्थना पत्र पेश किया, जिसे न्यायालय ने नामंजूर कर दिया।

ICICI Home Finance | कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, दुकान नं. एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा- 327001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां बिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफसील	बकाबकी रकम	रक्षित मूल्य रु. में बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सत्येंद्र कुमार (उधारकर्ता) बिरमा देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHUDP00001377816	ईदगाह भवन के सामने, नेमेलाव कॉलोनी, बांसवाड़ा स्थित 'गणपति सदन' नामक बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर फ्लैट नं. 1. गणपति सदन, चेतक कॉम्पलेक्स बांसवाड़ा, ना बांसवाड़ा- 327001	रु. 11,61,047/- 24 जून, 2024	रु. 13,45, 500/- रु. 1,34,550/-	22 जुलाई, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	09 अगस्त, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल बकाबकी रकम का **08 अगस्त, 2024** को **शाम** 05.00 तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशि जमा के साथ (स्थाना क. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 21वीं मंजिल, दुकान नंबर एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा-** 327001 तहत **दि. 08 अगस्त, 2024** को **4.00 बजे** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 21वीं मंजिल, दुकान नंबर एफ 22, शारदा कॉलोनी के सामने, नक्षत्र मॉल, बांसवाड़ा-** 327001 तहत **दि. 08 अगस्त, 2024** को **शाम 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **बांसवाड़ा** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सलेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 02-जुलाई-2024
स्थान : बांसवाड़ा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड